
# सागर जिला

नवभारत

भोपाल, गुरुवार 12 मार्च, 2026



# बुंदेलखंड में थमेगा नहीं विकास का कारवां

## भारत आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में भी लहरा रहा है अपना परचम : मुख्यमंत्री डॉ यादव, राहतगढ़ और जैसीनगर को मिली आधुनिक ग्रंथालय की सौगात

नवभारत न्यूज

**सागर 11 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर प्रवास के दौरान बुंदेलखंड की वीर भूमि को नमन करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य करने की बात कही. उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है.**



मुख्यमंत्री ने महाराजा छत्रसाल और चंदेल राजाओं के योगदान को याद करते हुए कहा कि बुंदेलखंड महावीरों की धरती है. छत्ता तेरे राज में धक-धक धरती होय की पंक्तियों के साथ उन्होंने महाराजा छत्रसाल के स्वाधीनता संघर्ष और संस्कृति संरक्षण के संकल्प को दोहराया. कठिन चुनौतियों के बीच भी इस धरा ने अपनी पहचान बनाई है. मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा का मंदिर बनाकर पीढ़ियों तक योगदान दिया जा सकता है. उन्होंने मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और उनके सुपुत्रों द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में स्थापित शैक्षणिक संस्थान की सराहना करते हुए कहा, माता-पिता का आशीर्वाद ही विकास की असली पूंजी है. मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट ने सिद्ध कर दिया है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भारत आज दुनिया का नेतृत्व कर रहा है. डॉ. हरीसिंह गौर के त्याग और सागर विश्वविद्यालय की गौरवशाली परंपरा का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने यहाँ रानी अवंती बाई लोधी विश्वविद्यालय की स्थापना कर शिक्षा के नए द्वार खोले हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत दिनों बुन्देलखंड कैबिनेट के माध्यम से 27 हजार करोड़ रुपये के कार्यों की मंजूरी दी गई.उन्होंने कहा कि विकास का यह कारवां निरंतर जारी रहेगा ताकि बुंदेलखंड का युवा आत्मनिर्भर और सशक्त बन सके. मुख्यमंत्री ने कहा बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है. आप खूब पढ़ें, भविष्य के सपने बुनें और सफलता से देश को आगे बढ़ाने में योगदान दें.

आकाश सिंह राजपूत द्वारा आयोजित 6 माह लंबी क्रिकेट प्रतियोगिता (10,000 खिलाड़ी) को उन्होंने अद्भुत बताया. उन्होंने राहतगढ़ और जैसीनगर में भव्य और आधुनिक पुस्तकालय (ग्रंथालय) खोले जाने की घोषणा की. मुख्यमंत्री ने कहा कि वे शीघ्र ही देवरी और नरयावली पहुँचकर नए विकास कार्यों को गति देंगे. अभी हाल ही में भारत की टीम ने क्रिकेट की सबसे बड़ी ट्रॉफी जीत कर देश का नाम रोशन किया है. उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में हमारे खिलाड़ी नाम रोशन कर रहे हैं. खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने ज्ञानवीर विश्वविद्यालय के लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया. मंत्री श्री राजपूत ने क्षेत्रीय विकास की कड़ी में मुख्यमंत्री के समक्ष सुरखी विधानसभा क्षेत्र के राहतगढ़ एवं जैसीनगर में आधुनिक पुस्तकालय (लाइब्रेरी) खोलने की मांग रखी जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल स्वीकृति दी और मंच से घोषणा की. कार्यक्रम के प्रारंभ में कुलाधिपति आदित्य सिंह राजपूत ने स्वागत भाषण दिया. इस अवसर पर जिला के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल, उच्च शिक्षा, मंत्री इंदर सिंह परमार, विधायक गोपाल भार्गव, भूपेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र जैन, प्रदीप लारिया, ब्रज बिहारी पटेरिया, वीरेंद्र सिंह लोधी, श्रीमति निर्मला सप्रे, जिपं अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, महापौर संगीता तिवारी, श्याम तिवारी, गौरव सिरोठिया, गौरव रणदिवे, लोकेंद्र पाराशर, हरवंश सिंह राठौर, नारायण प्रसाद कबीर पंथी, सविता सिंह राजपूत, संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी,आईजी हिमानी खन्ना, कलेक्टर संदीप जी .आर, एसपी विकास शाहवाल मौजूद थे.

# रोजगार मेले का आयोजन



नवभारत न्यूज

**सागर 11 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा जेरई में ज्ञानवीर विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह पर युवा संगम वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया.**

इस मेले में देश एवं प्रदेश की 23 से अधिक निजी कंपनियों ने भाग लिया. रोजगार मेले में कुल 1728 आवेदकों ने पंजीयन कराया, जिनमें से प्राथमिक रूप से 1306 आवेदकों का विभिन्न कंपनियों द्वारा चयन किया गया. मेले में युवाओं का साक्षात्कार लेकर विभिन्न पदों के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न की गई. जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के तत्वावधान में यह आयोजन किया गया. इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी युवाओं को दी गई तथा ऋण सुविधा के संबंध जानकारी दी गई.

# शीतला अष्टमी पर पूजा-अर्चना

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 11 मार्च. प्राचीन शिवालय मंदिर स्थित मां शीतला माता दरबार में शीतला अष्टमी पर सुहागिन महिला श्रद्धालुओं की मातृका पूजन के लिए भीड़ रही.**



होली पर्व से प्रतिदिन शीतला माता को जल चढाकर अपने परिवार की खुशहाली की कामना करने वाली महिलाएं शीतला अष्टमी पर पूजा-अर्चना की. महिला श्रद्धालु एक दिन पूर्व बनाई गई बासी भोजन सामग्री ठंडे भोजन से शीतला माता की पूजा अर्चना करी. बुजुर्ग महिलाओं के मुताबिक होली के दिन बुराइयों का दहन किया जाता है, इस दिन को ठंडे रूप में निरूपित करने के लिए शीतला सप्तमी एवं शीतला अष्टमी के दिन बासा भोजन बनाकर माता व होलिका दहन स्थल पर पूजन किया जाता है, बुजुर्ग महिला एवं कन्याओं को भोजन कराकर उपहार दिया.

# अवैध शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**बंडा 11 मार्च. थाना बंडा पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में शराब बरामद की है.**




पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर बंडा पुलिस ने देवपुरा मुहल्ला में एक आरोपी के मकान के पास बने बाड़े में छापेमारी की. तलाशी के दौरान वहां से अवैध रूप से रखी गई सागर गोल्ड ग्रेन व्हिस्की के 307 क्वार्टर (कुल 55.26 लीटर) बरामद किए गए. इन शराब की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 30,700 रुपये आंकी गई है. इस मामले में पुलिस ने आरोपी टिंकू उर्फ अभिषेक लोधी उम्र 21 वर्ष निवासी बंडा को गिरफ्तार किया. बरामद शराब को जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई हुई. पुलिस की इस कार्रवाई में निरीक्षक अंजली उदेनिया, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र यादव, रहमान खान, आरक्षक मदन पटेल, अआशुतोष, मनीष कुमार, नगर रक्षा समिति सदस्य कृष्णा शामिल है.

# सात दिवसीय शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**सागर 11 मार्च. ज्ञान सागर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में ग्राम पंचायत चावड़ा में सात दिवसीय आवासीय शिविर का शुभारंभ किया गया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. आर. सी. प्रजापति, जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना, जिला सागर, प्राचार्य डॉ. आर. के. जैन तथा ग्राम पंचायत चावड़ा के सरपंच ने किया. प्राचार्य डॉ. आर. के. जैन ने कहा कि रासेयो विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करती है. संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राहुल विश्वकर्मा द्वारा किया जा रहा है. इस आवासीय शिविर में लगभग 50 स्वयंसेवक छात्र भाग ले रहे हैं और पूरे सप्ताह ग्राम में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का संचालन करेंगे. कार्यक्रम में सिविल विभागाध्यक्ष पीयूष पाठक, अजय दांगी, नीरेंद्र राजपूत, दयाराम, शिक्षकगण, ग्रामवासी एवं स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

# पूर्व मंत्री का तीखा प्रहार

**सागर.** जिले के ग्राम जेरई स्थित एक निजी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में आए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सागर दौरे पर पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने तीखा प्रहार किया है. पूर्व मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि जिले वासियों को आशा थी कि मुख्यमंत्री सागर जिले की बिगड़ती कानून व्यवस्था,बढ़तें अपराधों और आए दिन हो रही हत्याओं लूट,चोरी और बहन बेटियों साथ घटित गंभीर घटनाओं और जिले में पनप रहें अवैध शराब के कारोबार,जुआ, सट्टा आदि के अवैध कारोबारों पर अंकुश लगाने तथा बेरोजगार युवाओं को रोजगार देनें व उनकी समस्याओं पर बात नही की.

# ट्रायल 14 मार्च को

**सागर.** डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-18 वन-डे इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट हेतु सागर जिला टीम के चयन के लिए ट्रायल का आयोजन 14 मार्च को किया जाएगा. डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि ऐसे खिलाड़ी जिनकी जन्म तिथि 01 सितंबर 2007 या उसके बाद की है, वे इस ट्रायल में भाग लेने के पात्र होंगे. टआयोजन दोपहर 12 बजे से किया जाएगा, जबकि खिलाड़ियों का पंजीयन प्रात: 10:00 बजे से प्रारंभ होगा. रजिस्ट्रेशन के समय खिलाड़ियों दस्तावेज की मूल प्रति साथ लाएं.

# धरना देकर ज्ञापन सौंपा गया




नवभारत न्यूज

**सागर 11 मार्च. सावित्रीबाई फुले की स्मृति दिवस पर शांति बुध्द विहार परिसर विठ्ठलनगर में बुद्ध किया गया.**

बिहार स्थित महाबोधि महाबिहार मुक्ति आंदोलन के समर्थन में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम भारतीय बौद्ध महासभा शांति बुध्द विहार के जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ बौद्ध द्वारा ज्ञापन तहसीलदार सुशील खरे को दिया. इस दौरान दुलीचंद बौद्ध, अशोक बौद्ध, रामस्वरूप चौधरी, शांति बौद्ध, अनिता बौद्ध, प्रकाश सिंग भदौरिया,अजय सैनी, शुभम् बौद्ध, गरीबदास जाटव, श्याम सिंह भास्कर, शांति भास्कर, ज्योति बौद्ध मौजूद थीं.

# प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 11 मार्च. नवांकुर संस्था विश्वास ग्राम समिति अमरमऊ सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन समितियों का त्रैमासिक प्रशिक्षण संपन्न हुआ.**



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग 18 मार्च तक ग्राम विकास प्रेस कॉटन समितियां के त्रैमासिक क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत नवांकुर संस्था विश्वास ग्राम समिति मऊ सेक्टर क्रमांक ग्राम पंचायत हीरापुर प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य अतिथि संभाग समन्वयक दिनेश उमरिया के द्वारा किया गया. जिसमें पांच समितियां हीरापुर, लुडयारा, नेगुवा तिगोड़ा, इंदौरा सम्मिलित हुईं. नवांकुर संस्था से हीरालाल अहिरवार, दीक्षा पांडेय,निलेश तिवारी ने रूपरेखा प्रस्तुत की. नवांकुर संस्था से विश्वनाथ यादव, सरपंच श्रीमती पूजा आठिया, कैलाश लंबरदार उपस्थित हुए. इस दौरान क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण और प्रमाण पत्र वितरित किए गए .

# विद्यार्थी परिषद ने किया प्रदर्शन



नवभारत न्यूज

**सागर 11 मार्च. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिले भर में व्याप्त शैक्षणिक समस्याओं और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर प्रदर्शन किया.**

विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने न सिर्फ एडी कार्यालय पर भैंस घुमाकर विभाग की कार्यप्रणाली पर तंज कसा, बल्कि अनुपस्थित अतिरिक्त संचालक का पुतला दहन किया. जिला संयोजक दीनदयाल सिंह ठाकुर ने कहा, हमने 25 गंभीर आरोपों के साथ ऑडियो, वीडियो और दस्तावेजी सबूत संलग्न कर शिकायत की है लेकिन कार्रवाई नहीं हुई.

# हरी झंडी दिखाकर प्रचार-प्रसार रथ रवाना

नवभारत न्यूज

**सागर 11 मार्च. जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जावेगा.**




प्रचार-प्रसार हेतु जिला न्यायालय परिसर, प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हरी झंडी दिखाकार प्रचार-प्रसार रथ रवाना किया गया जो मुख्य चौराहों, गलियों, बाजारों एवं दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण कराये जाने पर पक्षकारों को होने वाले लाभों की जानकारी पहुँचायेगा. उक्त अवसर पर न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी मिथिलेश डेहरिया एवं अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ जितेन्द्र सिंह राजपूत मौजूद थे.

उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में, आपराधिक शमनीय प्रकरण, पराक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक / मनी रिकवरी संबंधी मामले, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, श्रम एवं रोजगार विवाद प्रकरण, विद्युत एवं जल कर/बिल संबंधी (सिर्फ शमनीय प्रकरण), वैवाहिक प्रकरण, दीवानी इत्यादि मामलों एवं प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) के अंतर्गत पराक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, ई-ट्रेफिक चाालान संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण, मनी रिकवरी संबंधी मामले, श्रम विवाद संबंधी मामले, विद्युत एवं जल कर/बिल संबंधी (सिर्फ शमनीय प्रकरण), आपराधिक शमनीय प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, दीवानी इत्यादि मामलों में पक्षकारों की आपसी सहमति से सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा.

# वार्डवासियों ने दिया शिकायती पत्र



नवभारत न्यूज

**ललितपुर 11 मार्च. कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत झांसी पूरा मोहल्ला के नागरिकों ने जिला अधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा है.**

शिकायती पत्र में बताया गया है की कुछ लोगों ने नगर पालिका नजूर एवं अंबेडकर पार्क के नाम से दर्ज भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है जिसके हटवाने के लिए आज मोहल्लेवासी एक जुट होकर जिला अधिकारी के पास पहुंचे. शिकायती पत्र में अनिल पुत्र किशन अमन गौरवके द्वारा सरकारी भूमि पर भगवान के नाम पर अवैध कब्जा किया जा रहा है. आरोप लगाया है कि इतना ही नहीं वहां भोली-भाली लोगों को पूजा के नाम पर अवैध धन भी वसूले जाने का आरोप है. जबकि मोहल्ले वासियों ने शिकायती पत्र में यह भी लिखा है मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन की ओर से मेडिकल कालेज की ललितपुर में स्थापना है एवं इलाज के लिए बहुत ही अच्छी डॉक्टरों की तैनाती है इसके बाद भी लोगों के द्वारा गरीब व परेशान लोगों को झाड़ के नाम पर उत्पन्न किया जा रहा है.

# सरपंच आवास योजना के लिए पात्र नहीं

## जनपद सभागार में समीक्षा बैठक, बजट नहीं होने से पंचायत सचिवों का रुका चार माह का वेतन

नवभारत न्यूज

**रहली 11 मार्च. जनपद सभागार में शासन की विभिन्न योजनाओं के नियमानुसार क्रियान्वयन को लेकर पंचायत के अधिकारियों कर्मचारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया.**



बैठक के दौरान एसडीएम एवं प्रभारी जनपद सीईओ कुलदीप पराशर के मार्गदर्शन में पंचायत आवास योजना,स्वच्छता मिशन, नरेगा, सीएम हेल्प लाईन, जल गंगा अभियान सहित अन्य योजना की समीक्षा की गई. योजना समन्वयक अक्षय चौरसिया ने पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों से कहा कि शासन के नियमानुसार आवास योजना के पात्र नहीं है इसलिए सरपंच सरपंचों के नाम आवास योजना में नही जोड़े जावे, जिन पांच पंचायतों के सरपंच के नाम जोड़ दिया गए है उन्हें तत्काल हटाया जावे. वहीं कुछ लोग जानना चाह रहे थे कि रोजगार सचिव और पंचायत सचिव क्या प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हैं क्योंकि सरपंच पांच रोजगार सचिव और सचिव पूर्व में इस योजना का लाभ ले चुके हैं लेकिन इस मुद्दे पर किसी ने कोई बात नहीं कही.

मनरेगा लेखाधिकारी राजू कोरी ने बताया कि रोजगार सहायकों के मनरेगा के बकाया नवंबर माह से फरवरी माह तक चार माह का वेतन भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण है. बजट नही होने के कारण भुगतान पेंडिंग है बजट आते ही भुगतान खातों में पहुँच जाएगा. प्रभारी एपीओ विकास चौरसिया ने जल गंगा संवर्धन और जल गंगा अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि पुराने कार्य 30 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराना है.

# प्राचीन ज्ञान परंपरा को बाहरी आक्रांताओं द्वारा नष्ट किया : कुलपति

नवभारत न्यूज

**सागर 11 मार्च. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, के संस्कृत विभाग द्वारा रंगनाथन भवन में भारतीय ज्ञान परम्परा में भाषा,साहित्य एवं संस्कृति विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन हुआ.**



राष्ट्रीय संगोष्ठी के कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने की. मुख्य अतिथि प्रो शिवशंकर मिश्र एवं वैदिक विश्वविद्यालय ,उज्जैन तथा बीज वक्ता के रूप में पूर्व कुलपति राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, दिल्ली, सारस्वत अतिथि के रूप में डॉ अजय तिवारी कुलाधिपति स्वामी विवेकानन्द विश्वविद्यालय, सागर एवं ऑनलाइन माध्यम से प्रणामी पीठ के महन्त स्वामी कृष्ण मणि महाराज उपस्थित रहे. संचालन संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नौनिहाल गौतम ने किया. राष्ट्रीय संगोष्ठी की संयोजिका डॉ. किरण आर्या द्वारा स्वागत भाषण दिया. संस्कृत विभाग की प्रतिष्ठित नाट्यम् और सागरिका पत्रिका तथा राधावल्लभ त्रिपाठी की सारस्वत साधना के विविध आयाम पुस्तक, संपादक डॉक्टर रमाकांत पांडेय तथा पंडित प्रेम नारायण द्विवेदी रचित पुस्तक शनि चालीसा का विमोचन किया गया. कुलपति प्रो. ठाकुर ने कहा कि भारतीय संस्कृति के प्रत्येक कार्य में मनोविज्ञान छिपा हुआ है जैसे माथे पर चन्दन लगाने से मन शांत रहता है वैसे ही संस्कृत रूपी चंदन हमारे जीवन में शांति प्रदान करता है. ज्ञानी पुरुष प्रकृति की भाषा को समझते और उस पर विचार करते है. बरगद की पूजा, कुआँ पूजा, पीपल के पेड़ की पूजा आदि वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हैं . हमारी प्राचीन ज्ञान परम्परा को बाहरी आक्रान्ताओं द्वारा नष्ट किया गया. प्रो राधा वल्लभ त्रिपाठी ने कहा कि हिंदी के लोगों ने संस्कृत को पाला पोसा और बड़ा किया, इसी तरह संस्कृत ने भी, यह सहकार बना रहे. प्रो .राजेंद्र यादव ने आभार ज्ञापन प्रस्तुत यिा. इस अवसर पर प्रो. नागेश दुबे, प्रो. संजय, डॉ. अखिलेश द्विवेदी, डॉ. सुकदेव वाजपेई, डॉ. बबलू राय, डॉ. ऋषभ भारद्वाज, डॉ. बृजेश रिछारिया, डॉ. स्वर्णलता तिवारी, डॉ. अखिलेश मिश्र, डॉ. अनिल तिवारी, डॉ. अच्छे लाल, डॉ. राम रतन पांडे मौजूद थे.

# मकान में लगी आग, गृहस्थी हुई खाक

**रहली.** तहसील के ग्राम हरदुआ मैं खेत पर बनें एक मकान में आग लगने से घर गृहस्थी का सामान जल कर राख हो गया. जिससे आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया. मिली जानकारी के अनुसार आग लगने की सूचना मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी एवं सीएमओ ने तत्परता दिखाते ओर फायर ब्रिगेड को तुरंत गाँव रवाना किया जिससे आग पर काबू पाया गया और आग खेतों में फैलने से बच गयी गनीमत रही आग लगने से किसी भी प्रकार की जन हानि नहीं हुई.

# राष्ट्रीय सम्मेलन में हुईं सम्मिलित

नवभारत न्यूज

**सागर 11 मार्च. नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में ओबीसी महिला कांग्रेस का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया. जिसमें देशभर से आई महिला प्रतिनिधियों ने भाग लेकर अपने विचार रखे. इस सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित वरिष्ठ नेता मौजूद थे.**




इस सम्मेलन में सागर डॉ. हेमकुमारी कुर्मी शामिल हुईं और उन्होंने महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय तथा ओबीसी वर्ग की महिलाओं के अधिकारों पर विचार व्यक्त किए. डॉ कुर्मी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी राजनीति और समाज के हर क्षेत्र में बढ़ना आवश्यक है, तभी समाज का समग्र विकास संभव है. कार्यक्रम में अर्चना पटेल, रश्मि पटेल, प्रतिमा पटेल, विद्या देवी, अतिमा पॉल और शिवानी पोटे भी शामिल रहीं. सभी ने संगठन की गतिविधियों को मजबूत करने तथा महिलाओं को जागरूक करने का संकल्प लिया.